हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 28 सितंबर 2025
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

नवरात्रि विशेष



## षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में मर्हिष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने -अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुदर्शी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है। भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है-
चंदहासोज्जवलकरा
शार्दूलवरवाहना।

# 9 लाख का इनामी डीवीसीएम और जनताना सरकार अध्यक्ष समेत 4 को किया गिरफ्तार

### हत्या, पुलिस पर हमला, आगजनी, लूट, डकैती, अपहरण सहित के कई मामले में थी तलाश



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/बीजापुर**

बीजापुर जिले के तीन थाना क्षेत्र से सुरक्षाबलों ने चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इन नक्सलियों में 8 लाख का ईनामी डीवीसीएम जगरगुण्डा एरिया कमेटी मल्लैश कुंजाम व 1 लाख का ईनामी जनताना सरकार अध्यक्ष अनिल वेको समेत दो मिलिशिया मेंबर शामिल है। सुरक्षाबलों ने पहली कार्रवाई में 8 लाख रुपए के ईनामी मल्लैश कुंजाम व 1 लाख का ईनामी जनताना ▶▶ शेष पेज 10 पर

### इन घटनाओं में थे शामिल

गिरफ्तार नक्सली 21 मई 2025 को बड़ेपल्ली और छोटेपल्ली के बीच पुलिस पार्टी पर आईईडी ब्लास्ट एवं फायरिंग, दिनांक 29 मार्च 2025 को ताड़ोपोट इन्द्रावती नदी के किनारे घाट के करीब आईईडी प्लांट करने की घटना में शामिल रहा जिसके विस्फोट से 1 ग्रामीण महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इसके अलावा 29 नवम्बर 2024 को ग्राम घुड़साकल के ग्रामीण की हत्या 5 जून 2025 को ट्रान्सपोर्ट वाहन में आगजनी करने की घटना, 16 अप्रेल 2024 को थाना जांगला क्षेत्र के बेलचर की पहाड़ी में पुलिस पार्टी पर फायरिंग 19 अप्रेल 2024 को लोकसभा चुनाव के दौरान चिहका के करीब प्रेशर आईईडी प्लांट करने की घटना में शामिल था जिसके ब्लास्ट से सीआरपीएफ के अधिकारी को गंभीर चोंट आई थी। गिरफ्तार माओवादियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

## नक्सल प्रभावित कोंडापल्ली से पामेड़ जाने वाली सड़क जर्जर



**जगदलपुर।** बारिश और बाढ़ से बीजापुर जिले के अति नक्सल प्रभावित कोंडापल्ली से पामेड़ जाने वाली सड़कें जर्जर हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इन सड़कों के गड्ढों, कीचड़ और जलभराव के कारण बस सेवा ठप हो गई है और यात्रा जोखिम भरी हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। जर्जर सड़कों की वजह से एक माह से बस सेवा पूरी तरह ठप हो गई है। सड़कों की खराब हालत के कारण लोगों को दैनिक जीवन में आवाजाही के लिए भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बने गड्ढे और कीचड़ यात्रा को जोखिम भरा बना देते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। जिला मुख्यालय बीजापुर से आवापल्ली, बासागुड़ा, तर्रेम, चिन्नागेल्लूर, गुंडेम, कोंडापल्ली, जीदपल्ली ▶▶ शेष पेज 10 पर

# पंचमी में देवी मंदिरों में भक्तों की लंबी कतार



**जगदलपुर।** शारदीय नवरात्रि के पंचमी के अवसर पर शनिवार को देवी मंदिरों में सुबह से ही दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की लंबी लाइन लगी रही। दंतेश्वरी मंदिर में कतार लगाएं श्रद्धालु खड़े रहे। पंचमी के अवसर पर ग्रामीण अंचल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे थे। पदयात्रा कर दर्शन करने दंतेवाड़ा जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पंचमी के दिन दूगने देखने को मिला। मंदिरों और पदयात्रियों द्वारा सुबह से देर रात तक माता के जयकारे लगाते रहे। इस अवसर पर फूल-माला नारियल एवं प्रसाद भक्तों ने चढ़ाए व परिवार की खुशियां से आशीर्वाद मांगा। पंचमी के अवसर पर स्कंद माता की पूजा की गई। माता के भक्तों ने दर्शन कर घर, देश की सुख, शांति के लिए दुआएं मांगी।






## खबर संक्षेप



### एनएसएस स्थापना दिवस पर लिया नशा मुक्त व स्वच्छ भारत का संकल्प

**कोण्डागांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य राजेश पांडे ने मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर की। स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत सस्वर प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने एनएसएस के महत्व और युवाओं के व्यक्तित्व विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी बृजेश तिवारी ने स्वयंसेवकों से स्वच्छता पखवाड़ा और नशा मुक्त जैतपुरी बनाने का आहवान किया। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने नशामुक्त, स्वच्छ जैतपुरी और स्वच्छ भारत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन स्यैद तौसीफ आलम ने किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### केशकाल नगर पंचायत में चला स्वच्छता अभियान

**केशकाल।** नगर पंचायत केशकाल द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2025 एवं रजत महोत्सव वर्ष 2025 के अवसर पर वार्ड क्रमांक 06 स्थित शिव मंदिर के पास बने दुर्गा पंडाल परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नागरिकों को पंडाल में प्लास्टिक मुक्त सामग्री के उपयोग का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पार्षद महेश तराम, नम्रता भारद्वाज, पुजलता मरकाम सहित नगर पंचायत के सभी कर्मचारी एवं मिशन क्लीन सिटी में कार्यरत स्वच्छता दीदियां उपस्थित रहीं।

# कलेक्टर के मार्गदर्शन में प्राकृतिक आपदा से निपटने किया गया मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देश पर जिले में बाढ़ से निपटने के लिए ग्राम बम्हनी और केशकाल नगर पंचायत में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के नेतृत्व में अधिकारियों और संबंधित विभागों के सहयोग से मॉक एक्सरसाइज संपन्न हुई। बम्हनी में प्रभारी इंसिडेंट कमांडर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर रहे, जबकि केशकाल में एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक ने जिम्मेदारी संभाली। इस

## बाढ़ जैसे हालात में राहत व बचाव कार्य का किया गया अभ्यास



### आपदा मोचन बल की रही अहम भूमिका

जिला आपदा मोचन बल ने राहत और बचाव कार्य में प्रमुख भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉ. आर. के. चतुर्वेदी, डॉ. प्रेम मंडावी और अन्य चिकित्सक व कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग दिया। अभ्यास के दौरान अधिकारियों ने कहा कि प्राकृतिक आपदा बाढ़, तूफान, भूकंप, महामारी आदि से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है और जनजागरूकता सबसे अहम कड़ी है।

मॉक ड्रिल में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला आपदा मोचन बल, रेड क्रॉस सोसायटी समेत कई विभाग शामिल हुए। ऑब्जर्वर अधिकारियों और नोडल अधिकारियों ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों का निरीक्षण किया। ग्राम बम्हनी के जवाई मुंडा तालाब पर बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का काल्पनिक दृश्य तैयार कर रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल बचाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहीं केशकाल में भी पीड़ितों को रेस्क्यू कर मौके पर चिकित्सीय सुविधा दी गई।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और एक पेड़ मां के नाम अभियान पर हुई गहन चर्चा

# मयूरडोंगर स्कूल में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मयूर डोंगर, संकुल केंद्र मयूर डोंगर विकासखंड कोंडागांव में 27 सितम्बर शनिवार को पालक–शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। मयूर डोंगर ग्राम पंचायत के सरपंच जय लाल नेताम ने आयोजन के मुख्य अतिथि व प्राचार्य जमील खान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बैठक में दूर–दराज़ से आए पालकों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर अपने बच्चों की शिक्षा और भविष्य को लेकर विचार साझा किए।

बैठक में विद्यालय के त्रैमासिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा की गई। शिक्षकों और पालकों ने मिलकर बच्चों की शैक्षिक प्रगति का विश्लेषण किया और आने वाले समय में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए ठोस सुझाव दिए। बैठक में विशेष रूप से विद्यालय द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान में शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की उपलब्धि पर चर्चा हुई। पालकों और शिक्षकों ने मिलकर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रेरित करने का संकल्प लिया। आयोजन में संस्था के प्राचार्य जमील खान, मुकेश सैमसन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, रीता प्रधान, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार, उमाकांत दीवान, राजू राम मरकाम, तुलेश्वर नाग, चंद्रा रेखा ध्रुव, लता देवांगन, प्रमानन्द वैद्य, भारत देवांगन तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ कार्यक्रम की सफलता में सहभागी बना।

### जाति प्रमाण पत्र के लिए मार्गदर्शन

*पालकों को यह भी बताया गया कि 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली विशेष ग्रामसभा में बच्चों के लिए जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र बनाने हेतु प्रस्ताव रखा जाएगा।जिन पालकों ने अपने बच्चों के जाति प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बनवाए है, वे इस विशेष शिविर का लाभ जरूर उठाएं। मेगा बैठक ने न केवल शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि बच्चों के संपूर्ण विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी ठोस कदम उठाने का मार्ग प्रशस्त किया। पालक शिक्षक बैठक के समापन चरण में विद्यालय की ओर से गरमागरम चाय नाश्ते की व्यवस्था भी की गई।*

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में मयूर डोंगर संकुल की सौ फीसदी कामयाबी





कोंडागांव जिले के संकुल मयूर डोंगर ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के संकल्प को वास्तविक रूप देते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यहां की प्राथमिक शाला और उच्च प्राथमिक शाला में एक पेड़ माँ के नाम योजना के तहत सौ प्रतिशत पौधारोपण किया गया है। इस सफलता के पीछे शाला परिवार और समुदाय की संयुक्त मेहनत रही। छात्र–छात्रओं ने अपने पालकों के साथ मिलकर पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इस पहल में आम, नीम, जामुन, आंवला, गुलमोहर और अन्य छायादार व फलदार पौधे शामिल किए गए। संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान के नेतृत्व और मार्गदर्शन ने इस अभियान को गति दी। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए पौधों को माँ के नाम समर्पित करने की महत्ता समझाई। इस पहल ने बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी और माँ के प्रति सम्मान की भावना को और गहरा किया। शाला परिसर और आसपास अब हरियाली की नई तस्वीर उभर रही है। यह उपलब्धि न केवल संकुल मयूर डोंगर के लिए गर्व की बात है बल्कि पूरे जिले के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण है। यह साबित करता है कि यदि समुदाय, शिक्षक और विद्यार्थी एकजुट होकर आगे बढ़ें, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन संभव है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान से संकुल मयूर डोंगर ने दिखाया कि हर पौधा सिर्फ हरियाली नहीं बल्कि भावनाओं और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

## तृतीय व चतुर्थ श्रेणी पर भर्ती बस्तर के शिक्षित बेरोजगारों से ही हो : सीपीआई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई जिला परिषद कोण्डागांव ने तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की भर्ती बस्तर संभाग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं से किए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन राज्य परिषद सदस्य तिलक पाण्डे के निर्देश पर सौंपा गया।

- **जिला परिषद ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन**

ज्ञापन में कहा गया कि बस्तर संभाग आ दि वा सी बाहुल्य क्षेत्र है, जो लंबे समय से शिक्षा और संसाधनों की कमी के कारण पिछड़ा हुआ है। इसी कारण संविधान की पांचवीं अनुसूची के तहत इसे विशेष संरक्षण प्रदान किया गया है। सीपीआई ने आरोप लगाया कि न्यायालय में हुई कार्यवाही के दौरान तत्कालीन सरकार ने स्थानीय भर्ती अधिकार की मजबूती से पैरवी नहीं की। परिणामस्वरूप यह अधिकार समाप्त हो गया और अब तृतीय–चतुर्थ श्रेणी की भर्तियों में बाहरी क्षेत्रें के अभ्यर्थी चयनित हो रहे हैं। इससे स्थानीय बेरोजगार युवाओं के अधिकारों का हनन हो रहा है।

### आंदोलन की दी चेतावनी

बस्तर संभाग की समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की नियुक्तियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाए। शासन, न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर स्थानीय भर्ती का अधिकार बहाल करे। सुनिश्चित किया जाए कि नियुक्तियों का लाभ केवल बस्तर संभाग के निवासियों को मिले। पांचवीं अनुसूची के तहत भर्ती नीति को कानूनी संरक्षण प्रदान किया जाए। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शिक्षित बेरोजगार युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। सीपीआई ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों पर शासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी।

# घोड़ागांव में पोषण माह पर विशेष लोकसंपर्क कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय कांकेर द्वारा घोड़ागांव में पोषण माह के अंतर्गत विशेष लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदाई नाग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। ग्राम सरपंच बालसू नेताम भी मंच पर मौजूद रहे।

मंच से महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी संजय पोटाई, सुपरवाइजर श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग की सुपरवाइजर श्रीमती सुधा नामदेव, स्वास्थ्य कार्यकर्ता संत नाग, चिकित्सा अधिकारी शशिकला पोयम, एएनएम श्रीमती लक्ष्मी नेताम, आरएचओ श्रीमती बी. मोमिन और चाइल्ड हेल्पलाइन की सुपरवाइजर बिंगू राम कोर्राम ने ग्रामीणों को संबोधित किया। परियोजना अधिकारी श्री पोटाई ने कहा कि संतुलित आहार ही अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, शिशुओं और किशोरियों के पोषण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। स्वास्थ्य विभाग के वक्ताओं ने टीकाकरण, मातृ–शिशु स्वास्थ्य सेवाओं और स्वच्छता पर विस्तार से जानकारी दी।




### प्रतियोगिताएं बनी आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता तीन वर्गों में कराई गई, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रश्न मंच का आयोजन हुआ, जिसमें पोषण और शासन की योजनाओं से जुड़े सवाल पूछे गए। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### जागरूकता की नई लहर

गांव के बुजुर्गों से लेकर युवाओं और बच्चों तक सभी ने सक्रियता दिखाई। ग्रामीणों ने शासन की योजनाओं और पोषण से संबंधित विषयों पर नई जानकारी प्राप्त की। इस विशेष लोकसंपर्क कार्यक्रम से दूरस्थ घोड़ागांव में जागरूकता की नई लहर दौड़ी। ग्रामीणों ने भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की अपेक्षा जताई।

## हाई स्कूल मगेदा में चला सायबर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

माकड़ी थाना पुलिस ने दिनांक 25 सितम्बर 2025 को हाई स्कूल मगेदा में सायबर अपराध, महिला अपराध, यातायात नियम, नशामुक्ति और नए आपराधिक कानूनों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उपस्थित छात्र–छात्रओं एवं शिक्षकों को विस्तृत जानकारी दी गई। यह अभियान पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय. अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। थाना प्रभारी माकड़ी निरीक्षक विकास बघेल ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में बघेल ने बढ़ते सायबर अपराधों पर जागरूक करते हुए छात्रें को सायबर फ्रॉड से बचने के व्यावहारिक उपाय बताए। साथ ही गुड टच–बैड टच, महिला एवं बच्चों से जुड़े अपराधों पर विस्तृत



चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया। भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों की जानकारी देकर उनकी मुख्य विशेषताओं से अवगत कराया गया। छात्र–छात्रओं और शिक्षकों को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने की अपील की गई। पुलिस ने कहा कि इस प्रकार के अभियान थाना क्षेत्र में आगे भी जारी रहेंगे ताकि समाज को अपराध और नशे से मुक्त किया जा सके।

### बड़ेडोंगर में भरत प्यारा जगराता ग्रुप माकड़ी की सुंदर प्रस्तुति

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव क्षेत्र के ग्राम बड़ेडोंगर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर समस्त ग्रामवासियों के द्वारा शुक्रवार की रात जगराते का आयोजन किया गया था। जहां रात करीब 10 बजे से भरत प्यारा जगराता ग्रुप माकड़ी के द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई। भरत प्यारा जगराता ग्रुप के विक्की



पटेल, संजय पांडे सहित अन्य गायको के द्वारा भगवान के गानों का गायन किया गया। जहां उनके भक्तिमय गानों पर लोग झूम उठे। इस साथ ही जगराता ग्रुप के द्वारा बीच बीच ने सुन्दर झांकी की प्रस्तुति भी दिया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ेडोंगर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कर्मचारी,अधिकारी, व्यापारी सहित समस्त ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा ।

## फूलरथ की चौथी परिक्रमा, समय पर पहुंची सिंहड्योड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व में रियासतकालिन परम्परानुसार शनिवार को फूल रथ की चौथी परिक्रमा शुरू की गई। परिक्रमा से पूर्व दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी द्वारा मां दंतेश्वरी के छत्र को सजाए गए चार पहियों वाले फूल रथ में विराजमान कराया गया। रथ परिक्रमा से पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सलामी दी। इसके बाद परिक्रमा शुरू की गई जो सिंहड्यौड़ी से होते हुए जगन्नाथ मंदिर से होते हुए गोलबाजार, जयस्तंभ चौक, मिताली चौक होते हुए वापस सिंहड्यौड़ी पहुंची। फूलरथ की इस बार छह दिन परिक्रमा होनी है 29 सितम्बर को छठवी व अतिंम परिक्रमा होगी। रियासतकालिन परम्परा का निर्वहन करते हुए इस बार भी रथ खिंचने के लिए शहर से लगे ग्राम बिलोरी, जमावाड़ा, माड़पाल, मारकेल, कुम्हरावण्ड, तुसैल, जाटम, पंडरीपानी, मारेंगा समेत दो दर्जन से अधिक गांव के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। इसके अलावा शहर के कुछ युवाओं ने भी रथ परिक्रमा में अपनी भागीदारी निभाई।



### रथ परिक्रमा देखने श्रद्धालुओं की भीड़

बस्तर दशहरा की रियासतकालिन परम्परानुसार रथ को किन किन ग्रामों के ग्रामीण खीचगें यह पूर्व से निर्धारित है इसी के तहत प्रतिवर्ष ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों ग्रामीणों के द्वारा फूल रथ को खींचे जाने की परम्परा के चलते बस्तर दशहरा में पहुंचते है और परम्परा का निर्वहन कर रहे है। चौथी परिक्रमा सिंहड्यौड़ी से शुरू होकर गोलबाजार, गुरूगोविंद सिंह चौक होते हुए सिंह ड्यौड़ी पहुंची इस दौरान रथ परिक्रमा देखने परिक्रमा मार्ग में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## दुर्गा विसर्जन व दशहरा को लेकर एसडीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

**फरसगांव।** दुर्गा विसर्जन और दशहरा पर्व को लेकर शनिवार को करीब 12 बजे फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पूसाम ने फरसगांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक ली। एसडीएम ने उपस्थित दुर्गा समिति व दशहरा समिति के लोगों को शांतिपूर्ण रूप से दशहरा पर्व को मनाने कहा गया । साथ ही माता दुर्गा की प्रतिमा को सावधानीपूर्वक विसर्जन करने को कहा गया।



विसर्जन के दौरान अगर डीजे बजाना हो तो अनुमति लेकर ही डीजे बजाये और काम साउंड में डीजे बजे अगर नियमों के उल्लंघन करते जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान तहसीलदार जयकुमार नाग , थाना प्रभारी संजय शिंदे, जनपद सदस्य विक्की दास, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, आरआई गुमान दीवान सहित फरसगांव और बोरगांव के दुर्गा समिति के सदस्य उपस्थित रहे ।

## बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश, विद्यालय संचालन पर कलेक्टर की सख्ती

# कलेक्टर ने एकलव्य आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को एकलव्य आवासीय विद्यालय फरसगांव का निरीक्षण कर शिक्षकों व स्टाफ के साथ बैठक की। उन्होंने विद्यालय संचालन, विद्यार्थियों की शिक्षा और उनकी देखभाल को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों से नियमित संवाद करें और उन्हें सुरक्षित व खुशनुमा माहौल उपलब्ध कराएँ। उन्होंने हाल की दुखद घटना का उल्लेख करते हुए सतर्क रहने और बच्चों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालय को स्वच्छ और सुसज्जित रखना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। शिक्षक प्रेरणादायी कार्य करें जिससे वे बच्चों के लिए रोल मॉडल बन सकें। एक छोटी पहल भी विद्यार्थियों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है।उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत जिला प्रशासन को दें। साथ ही पीटीएम में पालकों व विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में कदम उठाएँ।

### बैठक में रखी गई समस्याएं

*बैठक में शिक्षकों ने भी अपनी समस्याएँ साझा कीं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम फरसगांव अश्वन कुमार पुसाम, सहायक आयुक्त तिवारी, जनपद पंचायत सीईओ रूपेन्द्र नेताम सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहे।*

## कलेक्टर ने भूमका ग्राम में ग्रामीणों के साथ किया ट्रांजैक्ट वाक

**फरसगांव/कोण्डागांव।** फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भूमका में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के नेतृत्व में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई व विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ ट्रांजैक्ट वाक किया। इस दौरान ग्रामीणों से चर्चा कर 'विलेज विज़न प्लान 2030' तैयार करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। कलेक्टर ने विद्यालय, आंगनबाड़ी और उप–स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने आंगनबाड़ी को मॉडल केंद्र के रूप में विकसित करने और पंखे लगाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की सतत निगरानी और नियमित फॉलोअप की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। ग्रामवासियों से बातचीत के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, स्पॉन्सरशिप योजना और अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी ली और अधिकाधिक लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जल संरक्षण पर जोर देते हुए स्टॉपडेम और अन्य निर्माण कायोंर् को प्लान में शामिल करने को कहा। विलेज विज़न प्लान 2030 के तहत ग्रामवासियों की मदद से ग्राम का सामाजिक मानचित्र और संसाधनों का नक्शा तैयार किया गया। साथ ही भौगोलिक स्थिति, सीमाएं, नदी–नाले और पहाड़ों का विवरण दर्ज कर नजरी नक्शा भी बनाया गया। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आगामी 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा में विलेज विज़न प्लान 2030 का अनुमोदन किया जाएगा।

## पेज 9 के शेष

### 9 लाख का इनामी....

सरकार अध्यक्ष अनिल वेको को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार माओवादी पुलिस पार्टी पर हमला, आईईडी ब्लास्ट, ग्रामीण की हत्या, लूट, डकैती, अपहरण व वाहन में आगजनी की घटनाओं में शामिल थे। माओवादी विरोधी अभियान के तहत दिनांक डीआरजी बीजापुर, थाना बासागुड़ा एवं कोबरा 210 की संयुक्त टीम द्वारा पोलमपल्ली के जंगल से मल्लैश कुंजाम 40 वर्ष, निवासी ग्राम नरसापुर, थाना बासागुड़ा को पकड़ा। इसके खिलाफ 7 जून 2023 को गगनपल्ली और मुरकीपाड़ के जंगल में पुलिस पार्टी पर आईईडी ब्लास्ट कर फायरिंग करने की घटना में भी शामिल रहा है। इसके खिलाफ थाना बासागुड़ा में 5 व थाना मोदकपाल में 1 स्थाई वारंट लंबित है। मल्लैश कुंजाम के विरूद्ध थाना तर्रेम, पामेड़, उसूर एवं आवापल्ली में हत्या, हत्या का प्रयास, पुलिस पार्टी पर हमला, आगजनी, लूट, डकैती, अपहरण के कई मामले पंजीबद्ध है। वहीं एक अन्य कारवाई में सुरक्षाबलों ने एक लाख के ईनामी अनिल वेको 32 वर्ष, निवासी ग्राम डारमेर, जनताना सरकार अध्यक्ष (बिरियाभूमि आरपीसी) को गिरफ्तार किया।

पोलमपल्ली के जंगल से दो गिरफ्तार, हथियार बरामदः पामेड़ थाना क्षेत्र से सीआरपीएफ व डीएफ की टीम ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। थाना पामेड़ व सीआरपीएफ 228 वाहिनी की संयुक्त टीम पोलमपल्ली क्षेत्र में नक्सल गश्त, सर्चिंग ड्यूटी के दौरान 2 संदिग्ध व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा जो पुलिस पार्टी को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। उनकी पहचान वंजाम हुंगा, 35 वर्ष, निवासी ग्राम पोलमपल्ली, जनमिलिशिया सदस्य (पोलमपल्ली आरपीसी) व सोढ़ी नंदे 33 वर्ष, निवासी ग्राम पोलमपल्ली, जनमिलिशिया सदस्य (पोलमपल्ली आरपीसी) के रूप में हुई। उनकी निशानदेही पर पोलमपल्ली) के जंगल से अवैध रूप से छुपाकर रखा गया 6 भरमार बंदूक बरामद किया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

### नक्सल प्रभावित ...

, करवगट्टा और धर्मारम होते हुए पामेड़ पहुंचती थी। इसमें रोजाना बड़ी संख्या में यात्री सफर करने लगे थे, पर बस बंद होने से लोगों का आवागमन नहीं हो पा रहा है। बताया जा रहा है कि बीजापुर जिले का आखिरी गांव पामेड़, बीजापुर से अंदर तक पहुंच से दूर है, बस शुरू होने से पहले तेलंगाना के रास्ते पामेड़ पहुंचने में लगभग 200 किलोमीटर अधिक जाना पड़ रहा है।

बीआरओ कर रहा सड़क का निर्माण : लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने बताया कि बार्डर रोड आर्गनाइजेशन (बीआरओ) की ओर से कोंडापल्ली-जिदपल्ली-पामेड़ तक 26 किमी एवं तर्रेम-चिन्नाबेलूर तक 17 किमी सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

# ब्लाक व जिला अध्यक्ष के चुनाव के लिए हुई बैठक, की रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार ब्लाक व जिला अध्यक्ष के चुनाव हेतु जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एक बैठक बीजापुर में रखी गई। कई बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आपसी सहमति से 3 साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर पुनः निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी कर दो चरण में ब्लाक अध्यक्ष चुनाव होना तय किया गया, जिसमे 11 अक्टूबर को भैरमगढ़ व भोपालपटनम और 12 अक्टूबर को बीजापुर व उसूर में निर्वाचन सम्पन्न होगा। इसके पश्चात 18 अक्टूबर को जिला अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न किया जाना तय किया गया। ब्लाकवार पर्यवेक्षक नियुक्ति को लेकर हर ब्लाक से 2 पर्यवेक्षक के नाम का प्रस्ताव दिया गया। मतदाता सूची के संबंध में सभी ब्लाक अध्यक्ष अपने अपने ब्लाक के संगठन के सदस्यों का सत्यापन कर स्पष्ठ रूप से मतदाता सूची में नाम अंकित कर सूची जारी करेंगे। चुनाव शुल्क पर चर्चा करते हुए सभी ने सर्व सम्मति से ब्लाक अध्यक्ष चुनाव हेतु 1000 रु. व जिला अध्यक्ष हेतु 2000 रु. शुल्क निर्धारित किया गया। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए निर्णय लिया गया की चुनाव प्रत्याशी चुनाव प्रपत्र के माध्यम से पूर्ण व स्पस्ट रूप से भरकर मतदान के एक दिन पूर्व तय समय पर अपने ब्लाक के ग्रुप में नाम शेयर करेंगे। तय समय के बाद या मतदान के दिन कोई भी प्रत्याशी अपना नाम प्रस्तावित करता है तो वह मान्य नही होगा। संगठन चुनाव सम्पन्न होने के बाद संगठन में नए सदस्यों को जोड़ने व सदस्यता शुल्क जमा करने पर सहमति बनी, बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम झाड़ी द्वारा सभी साथियों से उम्मीद व अपेक्षा की है कि इस कार्य को अच्छे से निर्विवाद रूप से सम्पन्न करने में अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे व संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप जिला सचिव सुशील हेमला,राकेश गिरी,बाबूलाल गांधरला, मोहसिन खान, ब्लाक अध्यक्ष-कमल नारायण कुंजाम, शेखर अप्पाजी राव, महेश यालम व रमन झा, चंद्रभान निषाद,नागेश गोरला,सुनील झाड़ी, राजवीर किरार, हरकेश परतागिरी, रामचन्द्रम बीरा, लछिन्दर हेमला, एलएस. सेन व अन्य साथी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत बस्तर में शिक्षा समिति की हुई बैठक



**बस्तर।** जनपद पंचायत बस्तर में शिक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता शिक्षा समिति की अध्यक्ष जयबती कश्यप ने की। इस बैठक में मानसिंह कश्यप, चईतराम कश्यप, अनिता कश्यप, माहंगी कश्यप, जमुना ठाकुर सहित अन्य जनपद सदस्य और खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन एबीईओ सुशील तिवारी बीआरसी अजम्बर कोर्राम एवं संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई और जाति प्रमाण पत्र, मध्याह्न भोजन संचालन, साइकिल वितरण, छात्र-छात्राओं को गणवेश और पाठ्यपुस्तक उपलब्ध कराने की स्थिति पर चर्चा की गई। इसके अलावा आश्रम और छात्रावासों के रखरखाव और अनियमित बच्चों को शाला से जोड़ने के लिए ग्राम पंचायत के सहयोग पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने पारस्परिक चर्चा के माध्यम से सुझाव रखे और अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने के लिए सुझाव दिए गए।

### तुंगल बांध में हुआ बाढ़ आपदा मॉकड्रिल

**सुकमा।** प्राकृतिक आपदाओं से समय रहते निपटने और राहत-बचाव कार्यों में दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से तुंगल बांध सुकमा में राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

इस मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य, राजस्व, फायर ब्रिगेड, परिवहन तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित कई विभागों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। भारी वर्षा से अचानक बाढ़ आने की परिकल्पना पर राहत-बचाव अभियान। नावों और रेस्क्यू बोट्स से बाढ़ग्रस्त गांवों के लोगों का सुरक्षित निकासी। स्क्यूबा टीम द्वारा डूबे व्यक्ति की तलाश और शव बरामदगी। मलबे में दबे व्यक्ति को एयर लिफ्टिंग जैकेट से उठाकर सुरक्षित निकालना। प्राथमिक उपचार, सीपीआर, एंबुलेंस व मेडिकल टीम की तैनाती। सामान्य घरेलू वस्तुओं जैसे बांस, पानी के डब्बे, बोतलें और डेचकी को जीवन रक्षक साधन के रूप में प्रदर्शित करना। राहत सामग्री वितरण और आपूर्ति प्रणाली का परीक्षण।

# प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ का आयुक्त को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी एवं प्रदेश महासचिव के मार्गदर्शन एवं अमलेस ठाकुर संभागीय अध्यक्ष के नेतृत्व मे अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन को आयुक्त

- 1998-99 एलवी संवर्ग आज पर्यंत तक पुरानी पेंशन से वंचित

बस्तर संभाग के नाम आज ज्ञापन सौपा गया। इसके पहले प्रदेश के 24 जिलों के जिलाधीश को ज्ञापन दिया गया था। अपनी एक सूत्रीय मांग 98 से 2004 के पूर्व की सभी शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से गणना करते हुए पेंशन जीएफ एवं अन्य सुविधाएं दिए जाने की मांग आयुक्त बस्तर संभाग से की गयी। उन्हें भी अवगत कराया गया कि हमारी नियुक्ति 1998 99 मे नियमित पदों पर पेंशन योग्य पदों पर की गयी थी और शासकीयकरण 2018 मे किया गया । 2004 के पूर्व पेंशन लागू था 2004 के पूर्व नियुक्त सभी कर्मचारियों को जिनकी नियुक्ति 2004 के पूर्व की गयी थी और जिनका नियमितीकरण 2004 के बाद किया गया। सभी को नियुक्ति तिथि से सारी सुविधाएं दी गयी सिर्फ हमे ही वंचित कर रखा गया है पूर्व मे भी कई मंत्री विधायकों एवं मुख्यमंत्री के समक्ष एवं शासन प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा जा चुका है। जिनके द्वारा कई बार आश्वासन भी दिया गया परंतु आज तक इस विषय पर कभी गंभीरता से शासन द्वारा विचार नहीं किया गया परंतु शासन प्रशासन की उदासीनता हम सभी को आगे आने वाले समय में आर पार की लड़ाई के लिए बाध्य होना न पड़ जाए। 1998 99 के सेवानिवृत शिक्षक जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है और आने वाले समय में हम सभी की वही स्थिति होने वाली है क्योंकि शासन हमारे पूर्व की सेवा काल को शुन्य मानते हुए हमारे नियुक्ति 2018 बताती है जबकि 2004 से पूर्व की शिक्षक साथियों के लिए आज तक कोई आदेश प्रसारित नहीं किया गया जो भी आदेश प्रसारित किया गया वह 2004 के बाद का है जबकि 2004 से पूर्व पुरानी पेंशन लागू थी एवं मध्य प्रदेश में पूर्व में भी स्थानीय निकायों के विभाग में संविलयन करते हुए नियुक्ति तिथि 1952 से सेवा की गणना कर सकल लाभ दी गई थी तथा छग सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के तहत हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि हक बनता है कि 98 से गणना करते हुए हमें सकल लाभ दिया जाए।

छत्तीसगढ़ में सभी जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारी कर्मचारी को पेंशन लाभ दिया जा रहा रहा है फिर 98 से 2004 के पूर्व के शिक्षक साथी पेंशन अधिकार से क्यों वंचित है इस पर शासन का ध्यान जल्द निर्णय लिया जाना चाहिए। ज्ञापन सौपने वालों मे प्रांतीय सह सचिव चन्द्रभूषण ठाकुर प्रांतीय कोषाध्यक्ष मीरा ठाकुर संघठन मंत्री माया वैद्य, संभागीय सचिव राकेश शर्मा,सूकमा ज़िला अध्यक्ष द्वय कृष्णा बघेल, यदुवेंद्र प्रताप सिंह कुशवाह, रामा राम मंडावी , नेत्री पाढ़ी, मसूराम मंडावी, नीरा दामले, लखमी पटेल, परशुराम ठाकुर, आशानिधि आनन्द आदि उपस्थित थे।

## मराईगुड़ा में आश्रम-पोटाकेबिन का निरीक्षण



**सुकमा।** विकासखंड कोंटा के शिक्षा समिति अध्यक्ष माड़वी हिड़मा ने बुधवार देर शाम मराईगुड़ा में संचालित आश्रम-पोटाकेबिन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की सोने-खाने की व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, मच्छरदानी व कंबल जैसी बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। हिड़मा ने स्पष्ट कहा कि आश्रमों में बच्चों की सुविधा से कोई समझौता नहीं होगा। निरीक्षण में कमियां सामने आने पर उन्होंने अधीक्षक को तुरंत सुधार करने की कड़ी हिदायत दी।

निरीक्षण के दौरान शिक्षा समिति अध्यक्ष ने बच्चों से सीधे उनकी पढ़ाई और रहने की सुविधा के बारे में पूछा। कई छात्रों ने खुलकर अपनी दिक्कतें बताईं। इसके बाद उन्होंने अधीक्षक को मौके पर ही सुधार करने को कहा। निरीक्षण के दौरान बस्तरिया राज मोर्चा की टीम भी सक्रिय रूप से मौजूद रही। टीम में रवणा राव, सोढ़ी कोसा, इरफान खान समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। सभी ने आश्रम की समस्याओं को गंभीरता से सुना और बच्चों की पढ़ाई व रहन-सहन को बेहतर बनाने के लिए मिलकर काम करने का भरोसा दिलाया।

# विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर हैदराबाद किया गया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिले के गणित एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को तेलंगाना राज्य के हैदराबाद में शैक्षणिक भ्रमण हेतु रवाना किया गया। ज्ञात हो कि यह शैक्षणिक भ्रमण 25 सितंबर से 27 सितम्बर तक रहेगा। इस क्रम में विधायक चैतराम अटामी एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित जिला पंचायत के सीईओ जयंत नाहटा ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया। इस 3 दिवसीय इस यात्रा में विद्यार्थी हैदराबाद के विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों का अवलोकन करेंगे, जहां वे आधुनिक शिक्षा पद्धतियों, प्रयोगशालाओं और वैज्ञानिक शोध की गतिविधियों से रूबरू होंगे। अधिकारियों ने इस अवसर पर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की यात्राएँ छात्रों के ज्ञान, दृष्टिकोण और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि विद्यार्थी इस भ्रमण से नए अनुभव लेकर लौटेंगे और अपने अध्ययन में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस शैक्षणिक भ्रमण में कुल 30 विद्यार्थी एवं संकाय सदस्य शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं अंचल के विद्यार्थियों को व्यापक शैक्षणिक अवसर प्रदान करना और उन्हें उच्च शिक्षा तथा विज्ञान-तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एसके अम्बस्ता, डीएमसी हरीश गौतम सहित शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# स्वच्छता के प्रति बच्चों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



विकासखण्ड दरभा की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में व्याख्याता बुधराम कश्यप के नेतृत्व तथा सभी शिक्षकों के सहयोग से आज 24 सितम्बर को स्वच्छता पखवाड़ा प्रदर्शनी दिवस का आयोजन किया गया।

व्याख्याता ने स्वच्छता के प्रति बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप लोग जो स्वच्छता से संबंधित नारे,कविता, मॉडल बनाएं हैं इसे अच्छे से संभाल कर रखना है। साथ ही कश्यप ने आगे बताया कि खुद साफ सफाई रहते हुए,घर के लोगों तथा आसपास के लोगों को भी साफ सफाई से रहने,रखने हेतु प्रेरित एवं जागरूक करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी ने सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त अभियान व मलेरिया जागरूकता लाने बच्चों को प्लास्टिक के नुकसान तथा मलेरिया से बचने हेतु प्रेरित किया गया। रासेयो सहायक मनोहर सिंह बरनाला ने बच्चों को कहा कि स्वस्थ रहने के हर उपायों का उपयोग करने चाहिए। इस अवसर पर प्रमोद कुमार मरावी, मनोहर सिंह बरनाला,डॉ तुलादास मानिकपुरी, दीनबंधु नाग, उषा कश्यप तथा अन्य शिक्षकगण और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के संदर्भ में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत समस्त विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 24, 25, 26 सितंबर को जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हालांकि यह अभियान प्रत्येक माह, 9 एवं 24 तारीख को नियमित आयोजित किये जाते रहे है।

परन्तु वर्तमान में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर के मद्देनजर इसी माह मेगा शिविर के रूप में दोनों अभियानों को एक साथ आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान गर्भवती माताओं की जांच एवं एचआरपी माताओं का फॉलोअप जांच का 100 प्रतिशत कवरेज किए जाने का प्रयास रहा जहां की समस्त माताओं की गैर संचारी रोग हेतु स्क्रीनिंग भी पूर्ण की गई। इस शिविर में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक प्रयोगशाला जांच, सोनोग्राफी, अल्ट्रासाउंड, उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान तथा उचित परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया। इस क्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने गर्भवती माताओं का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा सुरक्षित प्रसव एवं पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इन शिविर में अब तक कुल 1177 गर्भवती माताओं का पंजीयन कर स्वास्थ्य संबंधी समस्त परीक्षण किया गया है। साथ ही उच्च जोखिम वाली माताओं को विशेष निगरानी हेतु चिन्हांकित कर विभिन्न विषय जैसे पोषण जन्म की तैयारी, खतरे के लक्षण, प्रश्नोत्तरी शिशु स्वास्थ्य इत्यादि पर आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के द्वारा महिलाओं को प्रतिमाह नियमित प्रसवपूर्व जांच करवाने तथा प्रसव केवल संस्थागत स्तर पर कराने की अपील की गई।

अभियान का उद्देश्य हर माँ हो सुरक्षित, हर शिशु हो स्वस्थ सुनिश्चित करना है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतीक सोनी बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर सभी संस्थाओं में मॉनिटरिंग एवं पोर्टल में रिपोर्टिंग एंट्री किया जा रहा है।

# गुजरात से आए बाढ़ पीड़ितों के राहत सामग्रियों पर कांग्रेस की नजर, अनाज सड़ने पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भाजपा दंतेवाड़ा के प्रवक्ता दीपक बाजपेयी ने कांग्रेस पार्टी के महामंत्री रविश सुराना के गुजरात भाजपा द्वारा भेजे गए राहत सामग्रियों पर किये गये टिपण्णी को अमानवीय कृत्य बताते हुए कहा की सर्वप्रथम गुजरात भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष,सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का वो आभार व्यक्त करते है की भीषण बाढ़ जैसे त्रासदी में गुजरात भाजपा ने चिंता व्यक्त की एवं सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए बाढ़ पीड़ितों के लिए 5 कंटेनर राशन सामग्री भेजी जिसमे





कपडे, बर्तन, सूखा राशन, आलू, प्याज एवं अन्य सामाग्रियां थी जिसका वितरण निशुल्क तौर पर बाढ़ पीड़ति क्षेत्र में सीधे पीड़तों से मुलाकात कर भाजपा पदाघिकारी, जनप्रतिनिधी एवं कार्यकर्ताओं ने किया। बाजपेयी ने कहा की कांग्रेस के महामंत्री रविश सुराना को बाढ़ पीड़तों के लिए अगर जरा सा भी सहानुभूति होती तो वे जो आलू और प्याज जो ख़राब हो चुके थे जिसे अलग कर हटाया गया था उसका वीडियो बनाकर राजनीती करने का प्रयास नहीं करते,भारी बारिश के बीच गुजरात से जो कंटेनर रवाना हुए उनमे सूखे राशन के साथ आलू प्याज भी था, कंटेनर दंतेवाड़ा पहुचने में 5 दिन का समय लगा और जब पहुंचा तो भारी बारिश के कारण 2 दिन का समय खाली करने में लगा, बाकि सामग्री से जो आलू प्याज ख़राब हो रहे थे उसे अलग कर दिया गया था चूँकि बाकि अन्य सामग्रियों का वितरण किया जा सके और खराब आलू प्याज किसी को न मिले।

## विद्यार्थियों को साफ-सफाई पर किया जागरूक

**गीदम।** एसबीआई फाउंडेशन एवम परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही शारीरिक स्वच्छता एवम साफ सफाई और हैंड वॉश के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। एसबीआई फाउंडेशन एवम परिवर्तन समाज विकास समिति के माध्यम से प्राथमिक एवम माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को जागरूकता अभियान के अंतर्गत शारीरिक स्वच्छता और साफ सफाई और हैंड वॉश के तरीके बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय में परिवर्तन समाज विकास समिति दंतेवाड़ा के परियोजना समन्वयक- मोहनीश कुमार यादव, स्टाफ नर्स उर्वशी मांझी, फार्मासिस्ट सविता भारती, लैब टेक्नीशियन गेंद कुमारी, पायलेट राजेश ताती,एवम शाला के समस्त विद्यार्थी एवम संस्था प्राचार्य, एवम समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

# नियोक्ताओं को प्रतिष्ठानों की पंजीकृत होने की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज में ईएसआईसी के अधिनियम के अनुसार 10 या अधिक कर्मचारियों को रोजगार देने वाले नियोक्ताओं का पंजीकरण अनिवार्य के तहत

- चेंबर के कार्यशाला में दी गई योजना की जानकारी

24 सितंबर को कार्यशाला आयोजित की गई। योजना की जानकारी रायपुर से पहुंचे अधिकारी एन के धीरेन्द्र पटनायक प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक, रत्नेश राजन्य उपनिदेशक, सिद्धार्थ द्विवेदी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी तथा विपुल कुमार ने कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना, कर्मचारी राज्य बीमा निगम ईएसआईसी की एक विशेष पहल है। जो 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक नियोक्ताओं को अपने प्रतिष्ठानों को ईएसआईसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पंजीकृत करने का अवसर देती है।

चेंबर अध्यक्ष श्याम सोमानी ने जारी बयान में बताया कि यह योजना उन प्रतिष्ठानों को प्रोत्साहन देती है जो अभी तक पंजीकृत नहीं है ताकि उन्हें पिछली देनदारियों के लिए दंड या पिछली जांच के डर के बिना सामाजिक सुरक्षा का लाभ उठाने का मौका मिल सकें।

### पंजीकरण प्रकिया सरल और डिजिटल

नियोक्ताओं को श्रम सुविधा पोर्टल के माध्यम से अपने कर्मचारियों को नामांकित करने में मदद करती हैं। लाभयोजना में शामिल होने से कर्मचारियों को बीमारी, मातृत्व और विकलांगता के दौरान चिकित्सा लाभ और अन्य सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं मिलती है, जो सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाती है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में चेंबर अध्यक्ष श्याम सोमानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल बोथरा, उपाध्यक्ष राजकुमार दण्डवानी, महामंत्री नवरतन जलोटा, विजय हेलीवाल, राजेन्द्र पांडे, अनुराग अग्रवाल, संजीव कपूर, जितेन्द्र सिंह आलुवालिया, ज्ञानचंद खत्री, मोहर झा, सुनील दण्डवानी, निशांत जैन, देवेश सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# स्व-सहायता समूह की दीदियों ने शाला परिसर में की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में सतत रूप से स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को ग्राम वंजामगुड़ा में स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा प्राथमिक शाला परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत स्कूल परिसर की सफाई की गई तथा साफ-सफाई और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश भी दिया गया। इस कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की दीदियां, पीआरपी, एफएलसीआरपी एवं एसी सहित अन्य स्थानीय ग्रामीणों की भी सहभागिता रही। इस पहल का उद्देश्य स्कूलों में स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना है, साथ ही ग्रामीण समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी फैलाना है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने नवरात्रि पर कराया भंडारा



**गीदम।** गीदम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिवार द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर महाभंडारा का भव्य आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं को हलवा, पुड़ी और सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। आने-जाने वाले श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। इस कार्यक्रम में डॉ. योगेश देवांगन और स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। उनकी सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को सफल बनाया। गौरतलब है कि नवरात्रि के दौरान गीदम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है, जो क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का यह आयोजन न केवल श्रद्धालुओं के लिए सेवा का अवसर था, बल्कि सामाजिक एकता और समर्पण का एक बेहतरीन उदाहरण भी पेश करता है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र/क/तह./2024-25
तोकापाल दिनांक 22/9/2025

**// उद्घोषणा//**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री केशव पटेल पिता हरिहर पटेल जाति पनारा निवासी ग्राम पलवा तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पिता स्व. हरिहर पटेल/अरखित पटेल मृत्यु तिथि 25/11/2008 दशार्या गया है। ग्राम पंचायत पलवा के अंतर्गत है यह उदघोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के सबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/ पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय कि पेशी तिथि 6/10/2025 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/ आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उदघोषण आज दिनांक 22/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 6/10/2025

मुहर

**तहसीलदार तोकापाल**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र. क्र./244/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा//**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंतुराम भारती पिता स्व. दुकालु जाति भतरा ग्राम मोंगरापाल तहसील बकावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने स्वयं अंतुराम भारती निवासी ग्राम मोंगरापाल तहसील बकावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के स्वयं अंतुराम भारती पिता स्वः दुकालु ग्राम मोंगरापाल का दिनांक 05/02/1965 को जन्म हुई है। आवेदक अंतुराम भारती पिता स्व. दुकालु जाति भतरा ग्राम मोंगरापाल तहसील बकावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के स्वयं अंतुराम भारती जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 30/09/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बकावण्ड जिला बस्तर**

# फील्ड में दल ने की औषधीय पौधों की खोज व पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सेवा पखवाड़ा अंतर्गत जिला लघु वनोपज यूनियन जगदलपुर द्वारा माचकोट के जंगलों में गुरूवार को औषधि पौधों की खोज यात्रा (हर्बल वॉक) आयोजित की गई। यात्रा में स्थानीय परम्परागत वैद्यगण, पैराटेक्सोनॉमी प्रशिक्षित वॉलंटियर्स, वन प्रबंधन समिति, जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, लघु वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण कार्य करने वाली महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं, मां दंतेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं बस्तर विश्वविद्यालय के वानिकी एवं वनस्पति शास्त्र संकाय के छात्र-छात्रायें, शोधार्थी एवं प्राध्यापक लगभग 250 की संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी, वन मंडलाधिकारी बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता, वरिष्ठ वनस्पतिविद दिनेश कुमार दीक्षित, सदस्य छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा डॉ. गुलाबचंद साहू सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र एवं सदस्य छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा, लीला प्रसाद अगरिया एवं स्थानीय वैद्यराज रहे। कार्यक्रम दिवस के पहले प्रहर में प्रशिक्षकों एवं विशेषज्ञों द्वारा क्षेत्र की जैव विविधता, प्रजाति की पहचान करना, उनके औषधीय उपयोग, उनके संरक्षण-संवर्धन तथा विनाश-विहीन विदोहन के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। साथ ही फील्ड में अलग-अलग दल बनाकर औषधीय पौधों की खोज तथा पहचान किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण के रूप में समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।



### विनाश विहीन विदोहन पर चर्चा

यात्रा के दूसरे प्रहर में प्रतिभागियों द्वारा संग्रहीत औषधीय पादप नमूनों, पहचान एवं उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा किया गया, उनके विनाश विहीन विदोहन के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया। इस तरह 200 से अधिक औषधीय प्रजातियों की खोज, पहचान की गई तथा हारबेरियम, डीजीटल हार्बेरियम के रूप में परिणाम प्राप्त हुए। कार्यक्रम में स्थानीय वैद्यों से स्थानीय नामों एवं उपयोगिता की जानकारी तथा साहित्यिक (किताबी) जानकारी का आदान-प्रदान हुआ, जिसके काफी सकारात्मक परिणाम आने की अपेक्षा की गई।

## खबर संक्षेप

### कन्या पॉलीटेक्निक में टेक्निकल मॉडल का प्रदर्शन



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर 26 सितम्बर को शहर के शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक में ईटीई एवं आईटी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में टेक्निकल मॉडल प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी सृजनात्मकता, तकनीकी ज्ञान और नवाचार क्षमता का परिचय देते हुए उत्कृष्ट मॉडलों का प्रदर्शन किया। विभिन्न विषयों पर आधारित इन मॉडलों ने छात्राओं की प्रतिभा और व्यावहारिक समझ का सशक्त परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य एसके त्रिवेदी के मार्गदर्शन में किया गया। उनके प्रयासों को प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर प्राचार्य सहित ईटीई विभागाध्यक्ष जितेन्द्र ठाकुर, व्याख्याता सूर्यकांत सिन्हा, आईटी विभाग से हेमचंद्र देवांगन एवं सौरभ ठाकुर सहित संस्था के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भंडारे में जीव जंतुओं के लिए की गई खाने की व्यवस्था



**जगदलपुर।** स्ट्रे सेफ फाउंडेशन एक विशेष पहल के तहत भंडारे का आयोजन किया। जिसमें मनुष्यों के साथ-साथ सभी जीव-जंतुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। भंडारे की खासियत यह रही कि सभी जीवों की जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया। गायों के लिए हरा चारा, पक्षियों के लिए दाना, स्वानों के लिए रोटी और बिस्किट, और मछलियों के लिए दाने की व्यवस्था की गई। इस पहल के माध्यम से स्ट्रे सेफ फाउंडेशन यह दिखाना चाहता है कि हमारे समाज में इंसानों और जानवरों के बीच प्रेम और संवेदना का संबंध मजबूत होना चाहिए। टीम का कहना है कि यह भंडारा केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में चेतना फैलाने का प्रयास है। भंडारे का आयोजन एसपी ऑफिस के सामने 26 सितंबर को पशुओं के लिए आयोजित हुआ। इसी स्थान पर 27 सितंबर को मनुष्यों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।

### दुर्गा पंडालों में पहुंचे विधायक



**जगदलपुर।** शारदीय नवरात्र में शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न दुर्गा पंडाल पहुंच मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना करते जनमानस से मुलाकात कर उनका हाल जाना। उसके पश्चात विधायक कुंरदी पंचायत के पोड़ागुड़ा, कुम्हारपारा चौक एवं भवानी चौक दुर्गा पंडाल पहुंच कर माता दुर्गा की आरती व पूजा अर्चना की।

## कमिश्नर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से ली कृषि एवं आनुशांगिक विभागों की समीक्षा बैठक

# अतिवृष्टि प्रभावित किसानों एवं पशुपालकों को मिलेगी हरसंभव सहायता : डोमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ घुमंतू मवेशियों को डालें कांजी हाउस में

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि किसानों एवं ग्रामीणों की आय संवृद्धि के लिए कृषि सहित अन्य संबंधित विभागीय योजनाओं से उन्हें लाभान्वित होने के लिए प्रेरित करें और योजनाओं का कारगर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। खेती-किसानी की नवीन तकनीक, उद्यानिकी फसलों का क्षेत्र विस्तार, साग-सब्जी उत्पादन एवं मसाला फसल की पैदावार लेने, पशुपालन, कुक्कुटपालन, बकरीपालन, सूकरपालन, मत्स्यपालन इत्यादि आयमूलक गतिविधियों के लिए आवश्यक परामर्श सहित सहायता की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कमिश्नर डोमन सिंह बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कृषि सहित उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्यपालन विभागों की समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर संभाग के अतिवृष्टि प्रभावित जिलों में प्रभावित किसानों एवं पशुपालकों को हरसंभव सहायता प्रदान करने पर जोर देते हुए फसल क्षति, पशुधन क्षति सहित मत्स्यपालन के पोखर-बीज क्षति का आंकलन कर आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा देने के साथ ही डीएमएफ एवं सीएसआर मद से भी आवश्यक मदद देने समुचित पहल करने कहा।

कमिश्नर ने बस्तर अंचल में मिलेट्स फसलों की अपार सम्भावनाओं के मद्देनजर कोदो-कुटकी एवं रागी की पैदावार बढ़ाने सहित दलहन-तिलहन की खेती को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए रबी सीजन में भी दलहन-तिलहन पैदावार लेने कृषकों को प्रेरित कर उन्हें उन्नत किस्म के बीज एवं आदान सहायता देने कहा। वहीं उद्यानिकी फसलों के लिए किसानों एवं ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रत्येक जिले में उद्यानिकी रोपणी को विकसित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही पृथक-पृथक साग-सब्जी की खेती के लिए कलस्टर का चयन कर आवश्यक बीज, समसामयिक सलाह और आदान सहायता दी जाए। कमिश्नर ने पशुधन विभाग की सघन टीकाकरण को अभियान चलाया जाकर अद्यतन प्रगति लाने कहा और गौवंशीय पशुधन का कृत्रिम गभार्धान करने कार्ययोजना तैयार कर कलस्टर के अनुरूप कार्य को सुनिश्चित किया जाए। सघन टीकाकरण एवं कृत्रिम गभार्धान के लिए मोबाईल पशु चिकित्सा यूनिट का ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग किया जाए। कमिश्नर ने सभी जिलों में गौधाम संचालन के लिए स्व सहायता समूहों, सहकारी समितियों और स्वयंसेवी संगठनों को प्रेरित करने पर बल देते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग और मुख्य राज्य मार्गों के समीप स्थित नगरीय क्षेत्रों एवं बसाहटों में सड़कों पर मवेशियों से दुर्घटना की अधिकता के मद्देनजर गौधाम संचालन को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने उक्त कार्य के लिए आगामी एक पखवाड़े में संचालन करने वाले समूहों, समितियों एवं स्वयंसेवी संगठनों का चयन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं घुमंतू मवेशियों के रोकथाम के लिए कांजी हाउस को सक्रिय रखकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा।

# सेमीफाइनल मैच में ट्राई बेकर से यंग स्टार जीता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ फुटबॉल एकेडमी व यंग स्टार के मध्य फाइनल मैच आज

स्व. धीरज डेविड स्मृति 7 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को सेमी फाइनल में दो मैच खेला गया। पहला मैच फुटबॉल एकेडमी विरुद्ध आड़ावाल फुटबॉल क्लब मध्य खेला गया, जिसमें फुटबॉल एकेडमी ने 3-1 से जीत हासिल किया। दूसरा मैच जंगबाज फुटबॉल क्लब विरुद्ध यंग स्टार फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया, जिसका निर्णय ट्राई बेकर द्वारा हुआ जिसमें यंग स्टार ने 2-1 से विजय प्राप्त किया। रविवार को फाइनल मैच फुटबॉल एकेडमी विरुद्ध यंग स्टार के मध्य खेला जाएगा। कल का फाइनल मैच दोपहर 3 बजे से मिशन स्कूल ग्राउंड में खेला जाएगा आज के मैच के मुख्य निर्णायक आशीष खरे थे और रेफरी राहुल, अनीश और आशीष खरे ने किया।

मंच का संचालन गौरनाथ नाग ने किया। इस दौरान विनीत डेविड, सूर्य कुमार हारून, दन्तेश्वर राव, राजकमल हारून, जितेंद्र फाउलर सिंह, प्रीतीश जेकब, विजयसील सुता, राजकिशोर हारून, धर्म नारायण साहू, चंदमोहन वर्मा, संतोष यादव, कातो पानी, मनोज ठाकुर, विनय शर्मा, राजू नायक, जगतार सिंह, सूर्या पानी और याकूब जान भी उपस्थित थे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अनिमेष दास एवं जान नाथ द्वारा दी गई।

## उड़ीसा के ऊपर एक अवदाब पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रहा

**जगदलपुर।** पिछले दिनों वायुमंडल में बन रहे सिस्टम की वजह से बस्तर में बारिश का प्रभाव देखा जा रहा है। शनिवार को सुबह से शाम तक आसमान में काले बादल छाए रहे और ठंडी हवा का असर रहा। हालांकि देर शाम तक झमाझम बारिश तो नही हुई,अलबत्ता सुबह 10.30 बजे के आसपास हल्की बूंदाबांदी हुई जो कुछ समय बाद बंद हो गई। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानियों के अनुसार वायुमंडल में बने कम दबाव का क्षेत्र एक अवदाब परिवर्तित हो गया,जो दक्षिण तटीय उड़ीसा के ऊपर स्थित है तथा यह पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके लगातार पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए दक्षिण उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के ऊपर आने के बाद,क्रमिक रूप से कमजोर होने की संभावना है।

## पूर्णिमा सरोज को रसायन शास्त्र में पीएचडी की उपाधि




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले की पूर्णिमा सरोज ने रसायन शास्त्र विषय में अपने शोध कार्यों की सफल पूर्णता के पश्चात पीएचडी की उपाधि अर्जित की है। यह उपाधि उन्हें भारती विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य जगदलपुर, बस्तर जिला, छत्तीसगढ़ तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों में भूजल का विश्लेषण के अंतर्गत बस्तर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जल गुणवत्ता सूचकांक के माध्यम से जल स्रोतों की स्थिति का गहन अध्ययन किया। इस शोध में उन्होंने जल प्रदूषण के स्रोतों की पहचान की और इसके संभावित समाधानों पर भी प्रकाश डाला। यह शोध कार्य डॉ. प्रतिभा एस. कुरूप के निर्देशन में पूर्ण हुआ। शोध पत्रों का प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में हुआ है और इनकी वैज्ञानिक गुणवत्ता को वैश्विक स्तर पर सराहा गया है। शोध के दौरान डिजाइन किए गए ऑटोमैटिक बायोकेमिकल एनालाइजर के लिए एक पेटेंट भी स्वीकृत हुआ है, जिसे उन्होंने एसोसिएट डॉ. प्रतिभा एस. कुरूप के साथ मिलकर विकसित किया। भारती विश्विद्यालय की पहली शोधार्थी हैं जिन्हें रसायन शास्त्र विषय पर पीएच.डी.की उपाधि प्राप्त हुई है। इस उत्कृष्ट योगदान के लिए पूर्णिमा सरोज को शासकीय ऑटोनॉमस पी.जी. कॉलेज, राजनांदगांव में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के दौरान डॉ. हेमलता मोहोबे वूमेन साइंटिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व भी उन्हें राज्यपाल शिक्षक सम्मान (2022) से सम्मानित किया जा चुका है। पूर्णिमा सरोज जगदलपुर के शैक्षणिक जगत में एक जानी-मानी शिक्षाविद् हैं। वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुंजी में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। शिक्षा के साथ-साथ उन्हें साहित्य और लोकसंस्कृति में भी विशेष रुचि है।

## विश्व पर्यटन दिवस पर विद्यार्थियों ने किया हेरिटेज वॉक



**जगदलपुर।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर शनिवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के इतिहास अध्ययनशाला द्वारा हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। इसके तहत विवि के विद्यार्थियों ने हेरिटेज लीडर बी बिंदु के गाइड में शहर के मां दंतेश्वरी मंदिर, राजबाड़ा, सिरहासार भवन एवं पुरातात्विक संग्रहालय का भ्रमण किया। इस दौरान कु बिंदु ने विद्यार्थियों को बस्तर के इतिहास की जानकारी दी। युवाओं ने अभी चल रहे ऐतिहासिक बस्तर दशहरे के बारे में जाना। कु. बिंदु ने बताया कि बस्तर दशहरा में क्षेत्र की सांस्कृतिक विविधता में एक अनोखी एकता का स्वरूप दिखाई देता है।

# मिस टीन इंडिया पंक्ति का हुआ जगह जगह जोशीला स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ विधायक, महापौर समेत पार्षदों ने दी शुभकामनाएं

शहर की 9वीं कक्षा की 13 वर्षीय छात्रा पंक्ति बेदरकर ने दिल्ली में हुए राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता प्राइड ऑफ इंडिया मिस टीन इंडिया में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर 28 राज्यों से आये प्रतिभागियों को टक्कर देते हुए मिस टीन इंडिया का ताज अपने नाम किया।

पंक्ति ने अपनी वाक कुशलता, बुद्धिमता,आत्मविश्वास व कड़ी मेहनत से दर्शकों एवं निर्णायक का मन मोह लिया। वापसी में छत्तीसगढ़ की धरा में पहुंचते ही रेलवे स्टेशन से लेकर जगदलपुर तक जगह जगह स्वागत किया गया। रायपुर में सन्टेज सोलर, कुरुद में सिंधी समाज, कांकेर में ग्रीन हाई टेक व चंचल ब्यूटीफुल पार्लर, केशकाल सिंगनपुर में बच्चियों व जनता,भानपुरी चौक में संजय तिवारी एवं फ्रेंड्स द्वारा, जगदलपुर में दंतेश्वरी मंदिर चौक में रेनेटस वैलनेस द्वारा भव्य स्वागत किया गया।



पंक्ति व उसके परिवार ने इस आत्मीय स्वागत के लिए सभी का आभार माना है। विधायक किरण देव, महापौर संजय पांडे समेत पार्षद गण, प्रबुद्ध जनो व मातृ शक्तियों ने सभागार में मंच पर आशीर्वाद प्रदान किया।

## दंतेश्वरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दंतेश्वरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस का उत्सव मनाया। पूरे परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा में फार्मासिस्टों के अमूल्य योगदान को पहचान और सम्मान देना था। इस वर्ष का उत्सव थिंक हेल्थ,थिंक फार्मासिस्ट थीम पर आधारित रहा,जिसने दवाइयाँ वितरित करने से आगे बढ़कर स्वास्थ्य सेवा में फार्मासिस्टों की बदलती और महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। दिन की शुरुआत उद्घाटन समारोह से हुई, जिसमें विशिष्ट अतिथि,संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित रहे। दंतेश्वरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य ने समारोह को संबोधित करते हुए बताया कि कैसे फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण साझेदार हैं। वे न केवल दवाओं के विशेषज्ञ हैं, बल्कि हर समुदाय में मरीजों के लिए सुलभ स्वास्थ्य मार्गदर्शक और शिक्षकों की भूमिका भी निभाते हैं।






## अंतरराज्यीय लकड़ी तस्करी का पर्दाफाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

तरलागुड़ा एनएच163 फॉरेस्ट नाका पर वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच के दौरान नाके पर एक संदिग्ध इंडिका विस्टा कार क्रमांक एपी 10 ए आर 6917 से सागौन की अवैध लकड़ी बरामद की गई। मिली जानकारी के अनुसार वाहन से 2 गोला और 20 काड़ी कुल 0.754 घन मीटर लकड़ी जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 55 से 60 हजार रुपये बताई जा रही है। अधिकारी व कर्मचारी और चौकीदारों ने वाहन को रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक गाड़ी को नाके के नीचे से निकालकर फरार हो गया।

इसके बाद स्टाफ व चौकीदारो ने करीब 2 किलोमीटर तक पीछा किया और कार को पकड़ने में सफलता पाई, हालांकि चालक और तस्कर मौके से फरार हो गए।










